# LATEST NEWS

## Election

**Date : 13th Jan. 2026**

# Office of Chief Electoral Officer Rajasthan

https:/election.rajasthan.gov.in/

Follow us on:

CEORAJASTHAN

हेल्पलाइन 1950

# दैनिक भास्कर दि. 13 जनवरी 2026

**एसआईआर** • राजनीतिक दलों को उपलब्ध करवाई मतदाता सूची, 209546 मतदाताओं ने भरे गणना प्रपत्र

# अंता में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम में गणना पूरी, 18718 मतदाता हुए कम

भास्कर न्यूज | अंता

अंता विधानसभा क्षेत्र में मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण पूरा हो गया है। इसमें कुल 18718 मतदाता कम हुए हैं। इसकी सोमवार को राजनीतिक दलों को जानकारी दी गई।

अंता उप जिला कलेक्टर हवाई सिंह यादव ने बताया कि गहन पुनरीक्षण कार्य प्रारंभ होने से पूर्व विधानसभा क्षेत्र अंता में मतदाताओं की कुल संख्या 2 लाख 28 हजार 264 थी, जिनको गणना प्रपत्र वितरित किए गए। विधानसभा क्षेत्र में गणना चरण के दौरान कुल 2 लाख 9 हजार 546 मतदाताओं ने गणना प्रपत्र भरकर जमा करवाए हैं। जिनके नाम सोमवार को जारी प्रारूप मतदाता सूची में सम्मिलित कर दिए हैं। एसआईआर के दौरान मृत 3924, स्थाई रूप से स्थानांतरित 12262, अनुपस्थित 1357, मतदाता सूची में एकाधिक स्थान पर पंजीकृत 1102 और अन्य 73 कम हुए हैं। कुल 18718 मतदाताओं के गणना प्रपत्र अप्राप्त रहे हैं। 304 मतदाताओं के पंजीकरण के लिए फॉर्म 6 ऑनलाइन और ऑफलाइन बीएलओ के माध्यम से प्राप्त हुए हैं। जिनका नाम विहित प्रक्रिया के बाद मतदाता सूची में जोड़ दिया जाएगा। फॉर्म 6 प्राप्त किए जाने का कार्य इस अवधि में भी जारी रहेगा। आमजन फॉर्म-6 ऑनलाइन वोटर हैल्पलाइन एप या वोटर सर्विस पोर्टल से भी भर सकते हैं अथवा बीएलओ को भी फॉर्म 6 मय घोषणा पत्र भरकर दे सकते हैं।



अंता. मतदाता सूची के प्रकाशन के दौरान राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ चर्चा करते एसडीएम।

## अब 11 फरवरी तक लेंगे दावे और आपत्तियां

आयोग द्वारा कार्यक्रम के तहत 12 जनवरी से 11 फरवरी तक दावे एवं आपत्तियां प्राप्त किए जाएंगे। इस अवधि में प्रारूप मतदाता सूची में सम्मिलित मतदाताओं के संबंध में, मतदाता सूची के संबंध में दावे एवं आपत्तियां प्रस्तुत की जा सकती है। संबंधित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा दावे एवं आपत्तियों के लिए प्राप्त आवेदन पत्रों की सूची फॉर्म 9, 10, 11, 11ए और 11 बी में तैयार की जाएगी। ईआरओ के निर्णय के विरूद्ध 15 दिन में प्रथम अपील अधिकारी जिला मजिस्ट्रेट को की जा सकती है। इस अपील के निर्णय से असंतुष्ट होने की स्थिति में द्वितीय अपील प्रथम अपील अधिकारी के निर्णय के विरूद्ध अगले 30 दिन में द्वितीय अपील अधिकारी मुख्य निर्वाचन अधिकारी' को अपील की जा सकेगी। इसके बाद आयोग द्वारा निर्धारित दिनांक 12 मार्च को मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन कर दिया जाएगा।

## मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों की बैठक ली

अंता उप जिला कलेक्टर हवाई सिंह यादव की अध्यक्षता में उपखंड कार्यालय में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ में सोमवार को बैठक हुई। जिसमें राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

जिसमें ओमप्रकाश गोचर आम आदमी पार्टी जिलाध्यक्ष, सेमंदर मिश्रा मंडल महासचिव भाजपा मंडल अंता, ओमप्रकाश सुमन ब्लॉक अध्यक्ष कांग्रेस, भगवान प्रसाद दाधीच, प्रतिनिधि कांग्रेस आदि उपस्थित रहे। प्रारूप मतदाता सूची की दो प्रतियां एक हार्ड एवं एक सॉफ्ट कॉपी में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के उपस्थित प्रतिनिधियों को उपलब्ध कराई। उन्हें प्रारूप मतदाता सूची पर दावे आपत्तियों तथा नव मतदाता पंजीकरण के लिए फॉर्म 6 मय घोषणा पत्र प्रस्तुत करने के संबंध में भी जानकारी उपलब्ध कराई।

दैनिक पैंतरा 13 जनवरी 2026

# पुनरीक्षण अभियान के तहत राजनीतिक दलों के साथ बैठक



पैंतरा न्यूज।

बारां, 12 जनवरी। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले के अंता विधानसभा क्षेत्र में चल रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत सोमवार को मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई है। जिला निर्वाचन अधिकारी रोहिताश्व सिंह तोमर की अध्यक्षता में मिनी सचिवालय के सभागार में आयोजित बैठक में उन्हें प्रारूप मतदाता सूची पर दावे आपतियों तथा नव मतदाता पंजीकरण हेतु फॉर्म–6 मय घोषणा पत्र प्रस्तुत करने के संबंध में जानकारी दी गई। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी भंवरलाल जनागल, अभियान सहायक निदेशक जनसम्पर्क योगेन्द्र शर्मा सहित मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि के रूप में मोरपाल सुमन, मुकेश केरवालिया, योगेश राजौरा, विजेन्द्र नागर, शिव शंकर यादव, सुरेशचन्द्र मालव, भारत प्रकाश मेहरा, लोकेश मेहरा आदि उपस्थित थे।

हाड़ौती संचार 13 जनवरी 2026

# पुनरीक्षण अभियान के तहत राजनीतिक दलों के साथ बैठक




बारां, 12 जनवरी (हाड़ौती संचार)।

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले के अंता विधानसभा क्षेत्र में चल रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत सोमवार को मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई है। जिला निर्वाचन अधिकारी रोहिताश्व सिंह तोमर की अध्यक्षता में मिनी सचिवालय के सभागार में आयोजित बैठक में उन्हें प्रारूप मतदाता सूची पर दावे आपश्रियों तथा नव मतदाता पंजीकरण हेतु फॉर्म–6 मय घोषणा पत्र प्रस्तुत करने के संबंध में जानकारी दी गई। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी भंवरलाल जनागल, अभियान सहायक निदेशक जनसम्पर्क योगेन्द्र शर्मा सहित मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि के रूप में मुकेश केरवालिया, योगेश राजौरा, विजेन्द्र नागर, शिव शंकर यादव, सुरेशचन्द्र मालव, भारत प्रकाश मेहरा, लोकेश मेहरा आदि उपस्थित थे।

दिशाधवज 13 जनवरी 2026

# अंता विधानसभा क्षेत्र की मतदाता सूची का प्रारूप जारी



दिशा न्यूज। बारां.

जिले के अंता विधानसभा क्षेत्र मे भारत निर्वाचन आयोग के मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण–2026 कार्यक्रम के तहत सोमवार को मतदाता सूचियों का प्रारूप जारी किया गया है। जिसमें गणना प्रपत्र भरने वाले कुल 2 लाख नौ हजार 546 मतदाताओं का नाम इसमें सम्मिलित किया गया है।

जिला निर्वाचन अधिकारी रोहिताश्व सिंह तोमर ने मिनी सचिवालय के सभागार में आयोजित पत्रकार वार्ता में बताया कि विधानसभा क्षेत्र में 8 दिसंबर से गणना प्रपत्र भरवाने का कार्य प्रारंभ किया गया। अभियान प्रारंभ होने से पूर्व विधानसभा क्षेत्र में कुल मतदाताओं की संख्या 2 लाख 28 हजार 264 थी। जिनसे बीएलओ के माध्यम से गणना प्रपत्र जमा करवाए गए। इनमें से 2 लाख नौ हजार 546 मतदाता पात्र पाए गए। इन सभी का डिजिटाइजेशन करवाया गया। इनमें से मात्र 996 मतदाताओं की मेपिंग नहीं हो सकी। कुल मतदाताओं में से 18 हजार 718 मृत, अनुपस्थित, स्थाई रूप से स्थानांतरित या दोहरी प्रविष्टि श्रेणी के रहे।

मैपिंग से शेष रहे मतदाताओं को 5 मार्च तक नोटिस जारी कर वर्ष 2002 की मतदाता सूची के आधार पर स्वयं या रिश्तेदार का विवरण मांगा जाएगा। यह विवरण उपलब्ध नहीं होने की स्थिति में मतदाता भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित दस्तावेजों में से यथा स्थिति स्वयं का एवं माता–पिता का दस्तावेज प्रस्तुत कर सकेंगे। अभियान के तहत 12 मार्च को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि विधानसभा क्षेत्र में मतदान केन्द्रों के पुनर्गठन के उपरांत मतदान केन्द्रों की संख्या 268 हो गई है। इनमें से किसी पर भी मतदाताओं की संख्या 1200 से अधिक नहीं है। मतदाता अब मतदाता सूची में नाम जुड़वाने आदि कार्य के लिए भी आवेदन कर सकेंगे। किसी को प्रकाशित प्रारूप की मतदाता सूची में सम्मिलित किसी नाम के प्रति आपत्ति है तो फार्म संख्या 7 भरकर आवेदन कर सकेंगे। पत्रकार वार्ता के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी भंवरलाल जनागल, सहायक निदेशक जनसम्पर्क योगेन्द्र शर्मा सहित निर्वाचन से जुड़े अधिकारी उपस्थित थे।

# राजस्थान पत्रिका 13 जनवरी 2026

अब गणना प्रपत्र भरने वाले कुल 2 लाख 9 हजार 546 मतदाता सम्मिलित

## अन्ता विधानसभा क्षेत्र में 18718 मतदाताओं के नाम कटे

### अंता विधानसभा क्षेत्र की मतदाता सूची का प्रारूप जारी

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

बारां. जिले के अंता विधानसभा क्षेत्र में भारत निर्वाचन आयोग के मतदाता सुचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण. 2026 कार्यक्रम के तहत सोमवार को मतदाता सुचियों का प्रारूप जारी किया गया है। जिसमें गणना प्रपत्र भरने वाले कुल 2 लाख नौ हजार 546 मतदाताओं का नाम इसमें सम्मिलित किया गया है।

जिला निर्वाचन अधिकारी रोहिताश्व सिंह तोमर ने मिनी सचिवालय के सभागार में आयोजित पत्रकार वार्ता में बताया कि विधानसभा क्षेत्र में 8 दिसंबर से गणना प्रपत्र भरवाने का कार्य प्रारंभ किया गया। अभियान प्रारंभ होने से पूर्व विधानसभा क्षेत्र में कुल मतदाताओं की संख्या 2 लाख 28 हजार 264 थी। जिनसे बीएलओ के माध्यम से गणना प्रपत्र जमा करवाए



गए। इनमें से 2 लाख नौ हजार 546 मतदाता पात्र पाए गए। इन सभी का डिजिटाइजेशन करवाया गया। इनमें से मात्र 996 मतदाताओं की मेपिंग नहीं हो सकी। कुल मतदाताओं में.से 18 हजार 718 मृत, अनुपस्थित, स्थाई रूप से स्थानांतरित या दोहरी प्रविष्टि श्रेणी के रहे।

मैपिंग से शेष रहे मतदाताओं को 5 मार्च तक नोटिस जारी कर वर्ष 2002 की मतदाता सूची के आधार पर स्वयं या रिश्तेदार का विवरण मांगा जाएगा। यह विवरण उपलब्ध नहीं होने की स्थिति में मतदाता भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित दस्तावेजों में से यथा स्थिति स्वयं का एवं माता-पिता का दस्तावेज प्रस्तुत कर सकेंगे। अभियान के तहत 12 मार्च को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि विधानसभा क्षेत्र में मतदान केन्द्रों के पुनर्गठन के उपरांत मतदान केन्द्रों की संख्या 268 हो गई है। इनमें से किसी पर भी मतदाताओं की संख्या 1200 से अधिक नहीं है। मतदाता अब मतदाता सूची में नाम जुड़वाने आदि कार्य के लिए भी आवेदन कर सकेंगे। किसी को प्रकाशित प्रारूप की मतदाता सूची में सम्मिलित किसी नाम के प्रति आपत्ति है तो फार्म संख्या 7 भरकर आवेदन कर सकेंगे।

इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी भंवरलाल जनागल, सहायक निदेशक जनसम्पर्क योगेन्द्र शर्मा सहित निर्वाचन से जुड़े अधिकारी उपस्थित थे।

हाड़ौती संचार 13 जनवरी 2026

# अंता विधानसभा क्षेत्र की मतदाता सूची का प्रारूप जारी



**बारां, 12 जनवरी (हाड़ौती संचार)।** जिले के अंता विधानसभा क्षेत्र में भारत निर्वाचन आयोग के मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 कार्यक्रम के तहत सोमवार को मतदाता सूचियों का प्रारूप जारी किया गया है। जिसमें गणना प्रपत्र भरने वाले कुल 2 लाख नौ हजार 546 मतदाताओं का नाम इसमें सम्मिलित किया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी रोहिताश्व सिंह तोमर ने मिनी सचिवालय के सभागार में आयोजित पत्रकार वार्ता में बताया कि विधानसभा क्षेत्र में 8 दिसंबर से गणना प्रपत्र भरवाने का कार्य प्रारंभ किया गया। अभियान प्रारंभ होने से पूर्व विधानसभा क्षेत्र में कुल मतदाताओं की संख्या 2 लाख 28 हजार 264 थी। जिनसे बीएलओ के माध्यम से गणना प्रपत्र जमा करवाए गए। इनमें से 2 लाख नौ हजार 546 मतदाता पात्र पाए गए। इन सभी का डिजिटाइजेशन करवाया गया। इनमें से मात्र 996 मतदाताओं की मेपिंग नहीं हो सकी। कुल मतदाताओं में से 18 हजार 718 मृत, अनुपस्थित, स्थाई रूप से स्थानांतरित या दोहरी प्रविष्टि श्रेणी के रहे। मैपिंग से शेष रहे मतदाताओं को 5 मार्च तक नोटिस जारी कर वर्ष 2002 की मतदाता सूची के आधार पर स्वयं या रिश्तेदार का विवरण मांगा जाएगा। यह विवरण उपलब्ध नहीं होने की स्थिति में मतदाता भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित दस्तावेजों में से यथा स्थिति स्वयं का एवं माता-पिता का दस्तावेज प्रस्तुत कर सकेंगे। अभियान के तहत 12 मार्च को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि विधानसभा क्षेत्र में मतदान केन्द्रों के पुनर्गठन के उपरांत मतदान केन्द्रों की संख्या 268 हो गई है। इनमें से किसी पर भी मतदाताओं की संख्या 1200 से अधिक नहीं है।

मतदाता अब मतदाता सूची में नाम जुड़वाने आदि कार्य के लिए भी आवेदन कर सकेंगे। किसी को प्रकाशित प्रारूप की मतदाता सूची में सम्मिलित किसी नाम के प्रति आपत्ति है तो फार्म संख्या 7 भरकर आवेदन कर सकेंगे। पत्रकार वार्ता के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी भंवरलाल जनागल, सहायक निदेशक जनसम्पर्क योगेन्द्र शर्मा सहित निर्वाचन से जुड़े अधिकारी उपस्थित थे।

अमिट अक्षर 13 जनवरी 2026

# मतदाता गणना प्रपत्र वितरण एवं संग्रहण कार्य पूर्ण



(अमिट अक्षर)

अंता, 12 जनवरी। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा राज्य में 27 नवम्बर 2025 को घोषित मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 कार्यक्रम के तहत अंता विधानसभा क्षेत्र में गणना चरण का कार्य सफलतापूर्वक संपन्न हो गया है। 8 दिसम्बर 2025 से 6 जनवरी 2026 तक चले इस चरण में मतदाताओं को गणना प्रपत्र वितरित कर उनका संग्रहण किया गया।

उपखंड अधिकारी हवाई सिंह यादव ने बताया कि गहन पुनरीक्षण कार्य प्रारंभ होने से पूर्व अंता विधानसभा क्षेत्र 193 में कुल मतदाताओं की संख्या 2,28,264 थी। गणना चरण के दौरान 2,09,546 मतदाताओं द्वारा अपने गणना प्रपत्र भरकर जमा कराए गए, जिनके नाम 12 जनवरी को जारी प्रारूप मतदाता सूची में सम्मिलित कर दिए गए हैं।

यादव ने बताया कि इस चरण में कुल 18,718 मतदाताओं के गणना प्रपत्र अप्राप्त रहे। इनमें 3,940 मृत, 12,262 स्थाई रूप से स्थानांतरित, 1,357 अनुपस्थित, 1,102 एकाधिक स्थानों पर नाम पाए जाने के कारण अस्वीकृत तथा 73 अन्य श्रेणी के मतदाता शामिल हैं। इसके अतिरिक्त 304 मतदाताओं के पंजीकरण के लिए ऑफलाइन आवेदन बीएलओ से प्राप्त हुए हैं, जिन्हें नियमानुसार प्रक्रिया पूर्ण कर सूची में सम्मिलित किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि 1,200 से अधिक मतदाताओं वाले मतदान केंद्रों का पुनर्गठन विधानसभा उपचुनाव 2025 से पूर्व किया जा चुका है। पहले क्षेत्र में 247 मतदान केंद्र थे, जिनका पुनर्गठन कर 21 नवीन मतदान केंद्र सृजित किए गए। वर्तमान में विधानसभा क्षेत्र में कुल 268 मतदान केंद्र हैं।

आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार 12 जनवरी 2026 से 11 फरवरी 2026 तक दावे एवं आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी।